## संपादकीय


# जान देने का सिलसिला

हाल ही में पंजाब में तीन और किसानों ने आत्महत्या कर ली। नि:संदेह वे जीवनयापन के संकट के चलते खेतीबाड़ी के लिए लिये गये कर्ज की वापसी नहीं कर पा रहे थे। घटनाओं ने पिछली और वर्तमान सरकारों द्वारा घोषित किसान कर्ज माफी व अन्य कथित कल्याणकारी योजनाओं की पोल खोल दी है। हो सकता है योजना चंद किसानों को लाभ दे गई हो, लेकिन सभी किसानों को पूरी राहत नहीं मिली। फ़सल बीमा और ऋण माफी की योजनाओं में जो शर्तें होती हैं, किसान उन्हीं के मकड़जाल में फंसकर रह जाते हैं। शायद आर्थिक योजनाएं बनाने में सरकार ने बहुत विवेक से निर्णय लिया होगा। निश्चय ही ऐसी ?योजनाओं की उपादेयता पर सवाल ?खड़ा होता है जो अन्नदाताओं को सम्मानजनक ढंग से जीवनयापन का अवसर प्रदान न कर पाएं। योजना निर्माताओं को किसानों की समस्याओं के मद्देनजर नये सिरे से आत्ममंथन करना होगा। दरअसल, फसलों से जुड़ी योजनाएं इस तरह से बनाई जाएं कि उनसे किसानों को सीधा लाभ हो। कम से कम सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य जितना मूल्य अपनी फसल का उन्हें मिले। फसलों की सब्सिडी और फसलों का समर्थन मूल्य उनके खाते में सीधे पहुंचे और विश्वसनीय संस्था फसलों का मूल्य निर्धारण करे और समय पर उन्हें मदद कर सके।

नि:संदेह बैंकों से किसानों का सीधा संपर्क और उनके खातों में पैसों का सीधा स्थानांतरण फसलों के व्यापार में बीच की दलाली को कम करेगा और इसका लाभ सीधा किसानों को प्राप्त होगा, जो कि किसानों की आत्महत्याओं को रोकने में सक्षम होगा। इसी तरह की योजनाओं द्वारा किसानों की समस्याओं का स्थाई समाधान ढूंढ़ा जा सकता है। उन्हें कर्ज माफी जैसे छोटे-छोटे प्रलोभन देकर चुनाव के लिए इस्तेमाल करने की नीति पर अंकुश लगना चाहिए। ज़रूरत जड़ सींचने की है, पत्ते सींचने से कुछ समय के लिए राहत तो दिख सकती है किंतु आत्महत्या की प्रवृत्ति पर स्थाई अंकुश नहीं लग सकता।

# पुलवामा हमले के विरोध में बाजार बंद

## चीनी सामान के बहिष्कार की भी मांग




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पुलवामा में हुए आतंकी हमले के खिलाफ सोमवार को दिल्ली-एनसीआर के सभी बाजार बंद रहेंगे। बाजारों में पिछले तीन दिनों से विरोध-प्रदर्शन जारी है और शहीदों के सम्मान में जगह-जगह सभाएं हो रही हैं। मसूद अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने के भारत के कूटनीतिक प्रयासों में चीन के अड़ंगे के बाद एक बार फिर देश में चाइनीज सामान के बहिष्कार की मुहिम छिड़ गई है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने पूरे देश में बाजार बंद रखने का ऐलान किया है, जबकि दिल्ली में सभी स्थानीय संगठनों ने शटर गिराए रखने का फैसला किया है। चांदनी चौक में व्यापारियों की ओर से पाकिस्तान और चाइनीज सामानों का पुतला जलाया जाएगा। सदर बाजार, करोलबाग, गांधीनगर में भी मार्च और सभाएं होंगी।

देहली हिंदुस्तानी मर्केंटाइल असोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट श्रीभगवान बंसल ने बताया कि बाजार बंद कर व्यापारी जहां हमले के प्रति आक्रोश जताएंगे, वहीं सरकार पर इस बात के लिए दबाव बनाएंगे कि पाकिस्तान को आर्थिक मोर्चे पर ज्यादा से ज्यादा अलग-थलग किया जाए। व्यापारियों ने पाकिस्तान से मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा छीनने और आयात पर ड्यूटी बढ़ाने का स्वागत किया है। सीएआईटी ने कहा है कि मसूद अजहर को लेकर चीन के भारत विरोधी अड़ियल रुख के मद्देनजर देश में चाइनीज सामान के बहिष्कार का अभियान शुरू किया जाएगा और जल्द ही इस बारे में सभी असोसिएशंस के बीच इस बात के लिए सहमति बनाई जाएगी कि कोई भी व्यापारी अपनी दुकान पर चाइना निर्मित सामान नहीं बेचेगा। उधर, पाकिस्तान से आयात पर ड्यूटी 200 फीसदी तक बढ़ाए जाने से ड्राई फ्रूट्स, मसालों और कुछ अन्य खाद्य चीजों के बाजारों में पाकिस्तानी आयात लगभग बंद होने के आसार हैं। लेकिन व्यापारियों का कहना है कि इससे सप्लाइ या कीमत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। खारी बावली में इंडो-अफगान चैंबर ऑफ कॉमर्स के मेंबर और इम्पोर्टर राकेश जैन ने बताया कि पाकिस्तान से होने वाले आयात की हिस्सेदारी बहुत कम है और अब ड्यूटी इतनी ज्यादा होने के बाद कोई भी इसे अफोर्ड नहीं कर पाएगा।

# इलेक्ट्रिक के साथ हाइब्रिड गाड़ियों पर भी छूट देगी सरकार!



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हाइब्रिड गाड़ियों पर सरकार का नजरिया बदल गया है और वह इलेक्ट्रिक के साथ इन पर भी छूट देने की तैयारी कर रही है। केंद्र का मानना है कि इससे स्वच्छ ईंधन से चलने वाले गाड़ियों को बढ़ावा मिलेगा। डिपार्टमेंट ऑफ हेवी इंडस्ट्रीज (डीएचआई) की ओर से तैयार किए गए प्रस्ताव के मुताबिक, इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए फेम (फास्टर अडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक वीइकल्स) के दूसरे चरण में सभी सेगमेंट और सभी वीइकल टेक्नॉलजी में बैटरी साइज से जुड़े इंसेंटिव में हाइब्रिड गाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा। एक आला अधिकारी ने बताया कि प्लग-इन हाइब्रिड और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड समेत सभी वीइकल पर प्रति किलोवॉट 10,000 रुपये की एक जैसी छूट दी जाएगी। हालांकि इनमें हाइब्रिड बसों को शामिल नहीं किया जाएगा।

# इंडियन ऑयल को तेलंगाना में भंडारण, वितरण टर्मिनल बनाने के लिए मिली पर्यावरण मंजूरी

**हैदराबाद (आरएनएस)।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड को तेलंगाना में पेट्रोलियम का भंडारण और वितरण टर्मिनल बनाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ आकलन समिति से मंजूरी मिल गई है। समिति की हाल में हुई बैठक के जारी ब्यौरे के अनुसार कंपनी तेलंगाना के यदाद्री जिले के मल्कापुर गांव में 570 करोड़ रुपये के निवेश से यह भंडारण और वितरण सुविधा बनाना चाहती है। इसके तहत कंपनी कुल 16.50 करोड़ लीटर क्षमता के 28 टैंकों का निर्माण करेगी। समिति ने कहा, '' समिति ने काफी विचार-विमर्श के बाद इस परियोजना को पर्यावरण मंजूरी देने का निर्णय किया है।''

# पाक को चाय का निर्यात घटाने की तैयारी, नुकसान से भी निपटने का प्लान तैयार



**कोलकाता (आरएनएस)।** पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। भारतीय कारोबारी पाकिस्तान को चाय का निर्यात घटाने की तैयारी कर रहे हैं। इंडियन टी असोसिएशन (आईटीए) के चेयरमैन विवेक गोयनका ने कहा कि देश की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर हालात ऐसे ही बदतर बने रहे तो हमें एक्सपोर्ट घटाने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

गोयनका ने कहा, पाकिस्तान को होने वाले चाय निर्यात में कमी आ सकती है। हमारे लिए देश की सुरक्षा पहले है और इन भयावह आतंकी हमलों से निजात पाना हमारी प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। आईटीए चेयरमैन ने कहा कि इंडस्ट्री मिस्र, पश्चिम एशिया और रूस जैसे देशों को चाय का निर्यात बढ़ाने की कोशिश करेगी। उन्होंने बताया, हम मौजूदा टी मार्केट में एक्सपोर्ट बढ़ाने की योजना पर काम कर रहे हैं। घरेलू खपत बढ़ाने पर भी हमारा जोर रहेगा। भारत ने 2018 में पाकिस्तान को 1.58 करोड़ किलो चाय का निर्यात किया था, जो 2017 से 7.83 पर्सेंट ज्यादा था।

# कर्जदाताओं का आश्वासन, 30 सितंबर तक नहीं बेचेंगे रिलायंस ग्रुप के गिरवी शेयर

**मुंबई, 18 फरवरी।** अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने 90 प्रतिशत से अधिक कर्जदाताओं को इस बात पर राजी कर लिया है कि वे कम जमानत या शेयरों के भाव में हाल में आई तेज गिरावट के कारण घटे मार्जिन के कारण वे शेयर 30 सितंबर तक न बेचें, जिन्हें प्रमोटरों ने गिरवी रखा है।

रिलायंस ग्रुप के एक प्रवक्ता ने कहा, हमारी कंपनियों की इंट्रिंसिक और फंडामेंटल वैल्यू पर विश्वास जताने के लिए हम लेंडर्स के आभारी हैं। उन्होंने स्टैंडस्टिल अरेंजमेंट्स की सैद्धांतिक सहमति दी है। हमारा ग्रुप लोन अग्रीमेंट्स में दर्ज शेड्यूल के मुताबिक मूल धन और ब्याज चुकाएगा। ग्रुप ने लेंडर्स को यह जानकारी भी दी है कि रिलायंस पावर लिमिटेड में अपनी 30 पर्सेंट की डायरेक्ट शेयरहोल्डिंग संस्थागत निवेशकों को बेचने के लिए इन्वेस्टमेंट बैंकरों को अपॉइंट किया गया है।

# पेट्रोल, डीजल के दाम में वृद्धि का सिलसिला जारी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में पिछले दिनों आई तेजी के कारण पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि का सिलसिलसा सोमवार को लगातार पांचवें दिन जारी रहा। इन पांच दिनों में देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 58 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है जबकि डीजल के दाम में 49 पैसे की वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हालांकि कच्चे तेल की तेजी पर विराम लग गया है, लेकिन ब्रेंट क्रूड अभी भी 66 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बना हुआ है। पिछले सप्ताह ब्रेंट क्रूड के दाम में चार डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा का उछाल आया।

## आज का राशिफल

मेषः- आज आपका मन कुछ उलझन के कारण परेशान हो सकता है। अधिक संवेदनशीलता के कारण आपको परेशानी हो सकती है। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें। आपका मानभंग होने का प्रसंग न बने, इसका ध्यान रखें।

वृषभः- आर्थिक आयोजन कुछ अड़चनों के साथ पूरे होंगे। मित्रों के साथ आनंद की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक क्षेत्र में सहकारपूर्ण वातावरण रहेगा।

मिथुनः- आपके दिन का प्रारंभ शुभ होगा। परिजनों और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। खर्च अधिक न हो, इसका ध्यान रखें। आर्थिक लाभ होगा परंतु मध्याह्न के

कर्कः- आज आपके धन का व्यय अधिक हो सकता है। आंखों के दर्द से परेशान हो सकते हैं। मानसिक चिंता भी हो सकती है। वाणी और क्रोध पर ध्यान रखें।

सिंहः- आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहने से आप लोगों के साथ व्यवहार संभलकर करें। आरोग्य के लिए आज का दिन शुभ नहीं है। मन में व्यग्रता रहेगी।

कन्याः- आपका आज का दिन शुभ है। व्यवसाय और व्यापार के क्षेत्र में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहेगा।

तुलाः- आज आपको शारीरिक सुख मिलेगा। प्रमोशन मिलेगा। सरकारी कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। धन के निवेश के लिए समय अनुकूल है। परिवार में संतान और प ी की ओर से लाभ होगा। मित्रों से की गई भेंट से आपको आनंद होगा।

वृश्चिकः- आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में आप न पड़ें। व्यापार में परिस्थिति अनुकूल नहीं है। संतान के साथ मतभेद होने की आशंका है।


धनुः- गणेशजी आज आपको सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। क्रोध करने से हानि होने की आशंका है। आप परेशान हो सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में ऊपरी कर्मियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

मकरः- आज स्वजनों के साथ घूमने-फिरने का और खान-पान का प्रसंग उपस्थित होगा। वाहन-सुख मिलेगा और मान-सम्मान भी मिलेगा। परंतु मध्याह्न के बाद आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

कुंभः- आज आपको कार्य-सफलता और यश-कीर्ति मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मध्याह्न के बाद आप मनोरंजन का कार्यक्रम बनाएंगे।

मीनः- आज का आपका दिन अच्छी तरह से बीतेगा। कला के क्षेत्र में आपकी रुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई भेट से आनंद होगा। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय है। प्रियपात्र के साथ हुई भेट आनंददायी होगी।

# मंत्रों का जोर से उच्चारण,करना क्यों जरुरी है जानिए



मंत्र शब्दों का एक खास क्रम है जो उच्चारित होने पर एक खास किस्म का स्पंदन पैदा करते हैं, जो हमें हमारे द्वारा उन स्पंदनों को ग्रहण करने की विशिष्ट क्षमता के अनुरूप ही प्रभावित करते हैं। हमारे कान शब्दों के कुछ खास किस्म की तरंगों को ही सुन पाते हैं। उससे अधिक कम आवृति वाली तरंगों को हम सुन नहीं पाते। हमारे सुनने की क्षमता 20 से 20 हजार कंपन प्रति सेकेंड हैं। पर इसका यह अर्थ नहीं कि अन्य तरंगे प्रभावी नहीं है। उनका प्रभाव भी पड़ता है और कुछ प्राणी उन तरंगों को सुनने में सक्षम भी होते हैं। जैसे- कुछ जानवरों और मछलियों को भूकंप की तरंगों की बहुत पहले ही जानकारी प्राप्त हो जाती है और इनके व्यवहार में भूकंप आने के पहले ही परिवर्तन दिखाई देने लगता है। इन्हीं सिद्वांतों पर आज की बेतार का तार प्रणाली भी कार्य करती है। इसे इस उदाहरण के द्वारा आसानी से समझा जा सकता है कि रेडियो तरंगे हमारे चारों ओर रहती है पर हमें सुनाई नहीं पड़ती क्योंकि वे इतनी सूक्ष्म होती हैं कि हमारे कानों की ध्वनि ग्राह्म क्षमता उन्हें पकड़ ही नहीं पाती।

मंत्रों की तरंगे इनसे भी अधिक सूक्ष्म होती हैं और हमारे चारों ओर फैल जाती हैं। अब यह हम पर निर्भर है कि हम खुद को उसे ग्रहण करने के कितने योग्य बना पाते हैं।मंत्रों से निकलने वाली स्थूल ध्वनि तरंगों के अलावा उसके साथ श्रद्धाभाव व संकल्प की तरंगे भी मिली होती हैं। स्थूल ध्वनि तरंगों के अलावा जो तरंगे उठती हैं, उन्हें हमारे कान ग्रहण नहीं कर पाते। वे केश-लोमों के जरिए हमारे अंदर जाकर हमें प्रभावित करती हैं। मंत्रों के सूक्ष्म तरंगों को ग्रहण करने में केश-लोम बेतार का तार की तरंगे ग्रहण करने वालों की भाँति काम करते हैं और उनके माध्यम से ग्रहण किए गए मंत्रों की सूक्ष्म तरंगे हमारी समस्याओं के शमन में सहायक होती हैं।शब्दों का खेल बहुत ही निराला है। मंत्र भी शब्दों का साम्यक संयोजन ही होता है। पर साथ ही इसमें सार्थकता भी जरूरी है। मंत्र के प्रभावी होने के लिए यह जरूरी है कि उच्चारण करने वाले को उसके भाव व उद्देश्य का पूरा ज्ञान हो।

# धुआंधार बल्लेबाज क्रिस गेल ने किया संन्यास का ऐलान, जानिए कब खेलेंगे आखिरी मैच




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** क्रिकेट की दुनिया के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के फैन्स के लिए एक बुरी खबर है। दरअसल, वेस्टइंडीज के इस धांसू क्रिकेटर ने इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है।

इस बात की जानकारी क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने रविवार को ट्विटर पर दी है। सीडब्ल्यूआई ने बताया कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले वनडे सीरीज के लिए अभ्यास शुरू होने से पहले गेल ने इसका ऐलान किया। ऐसे मेंअगर वेस्टइंडीज वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन कर अगले दौर में नहीं पहुंचती है तो क्रिस गेल 4 जुलाई 2019 को रिटायर हो सकते हैं। इस दिन विंडीज टीम अफगानिस्तान के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच खेलेगी।

ध्यान देने वाली बात ये भी कि टी-20 क्रिकेट में जबदस्त प्रदर्शन करने वाले गेल की लंबे समय बाद हाल में अंतरराष्ट्रीय वनडे टीम में वापसी हुई है। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले 2 वनडे मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। ब्रायन लारा के बाद गेल वेस्ट इंडीज की ओर से वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं।

## बेसन पिज्जा बनाने की विधि



अक्सर पिज्जा सभी की पसंद होती हैं। बेसन के पिज्जा को आसानी से हम घर पर बना सकते है। बेसन के पिज्जा बहुत टेस्टी होते है। आज जानते है घर पर बेसन के पिज्जा बनाने के बारे मे...

**सामग्री-**

450 ग्राम बेसन, 110 ग्राम दही, 10 ग्राम यीस्ट, 1 चम्मच चीनी, 1 चम्मच ऑलिव ऑयल, 150 ग्राम टोमैटो पिज्जा सॉस, 1 कप मोजरेला चीज, हरी सब्जियां पकी हुई, अवश्क्त ानुसार नमक, अवश्क्त ानुसार पानी,

**विधि-**

सबसे पहले बर्तन मे थोड़ा पानी, यीस्ट और चीनी डालकर घोल बना लें। इसके बाद एक बड़े बर्तन में बेसन, दही, नमक, तेल और यीस्ट को डालें और अच्छे से मिला लें।सब सामग्री को एक जगह मिलाकर थोड़ा ढीला आटा गूंद लें। अब आटे की लोईयां बनाकर गीले कपड़ें से ढककर थोड़ी देर के लिए अलग रख दें। इसके बाद ओवन को गर्म कर लें। अब एक लोई बनाकर थोड़ा मोटा बेल लें। जिससे बेसन का पिज्जा का बेस बनाया जा सके।इसके बाद पिज्जा बेस पर एक चम्मच टोमैटो पिज्जा सॉस लगाएं, फिर मोजरेला चीज़ को कद्दूकस करें। अब कद्दूकस मोजरेला चीज़ के ऊपर पहले से पकी हुई सब्जियों को फैलाएं।इसके बाद एक बार फिर बेसन का पिज्जा के ऊपर मोजरेला चीज को कद्दूकस करें और ऑरगेनो पाउडर डालें। अब बेसन का पिज्जा को गर्म ओवन में 10 मिनट के लिए रखें । इसके बाद ओवन को खोलें और बेसन का पिज्जा को चाकू की मदद से छोटे टुकड़ों में काट लें। आपके बेसन पिज्जा बनाकर तैयार है।


## शब्द सामर्थ्य-82

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 81 का हल



## सू-दोकू-82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 81 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |